# वॉशिंगटन राज्य में सरप्राइज़ मेडिकल बिल और बैलेंस बिलिंग के निमित्त आपके अधिकार और सुरक्षा

*जब आप आपातकालीन देखभाल पाते हैं या किसी इन-नेटवर्क अस्पताल या एम्बुलेटरी सर्जिकल सेंटर में किसी नेटवर्क के बाहर के प्रदाता से इलाज करवाते हैं, तो आप सरप्राइज़ बिलिंग या बैलेंस बिलिंग से सुरक्षित रहते हैं।*

## "बैलेंस बिलिंग" (कभी-कभी "सरप्राइज़ बिलिंग" कहा जाता है) क्या है?

जब आप किसी डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से मिलते हैं, तो आपको कुछ निश्चित खर्च करने पड़ सकते हैं, जैसे कि एक सहभुगतान, सहबीमा, और/या कटौती योग्य खर्च। यदि आप किसी ऐसे प्रदाता से मिलते हैं या ऐसी स्वास्थ्य देखभाल सुविधा पर जाते हैं जो आपकी स्वास्थ्य योजना के नेटवर्क में नहीं है, तो आपको अन्य खर्चों या पूरे बिल का भुगतान करना पड़ सकता है।

"नेटवर्क के बाहर" का मतलब वे प्रदाता व सुविधाएँ हैं जिन्होंने आपकी स्वास्थ्य योजना के साथ कोईअनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। आपकी योजना जितनी राशि का भुगतान करने के लिए सहमत है, नेटवर्क के बाहर के प्रदाताओं को किसी सेवा के लिए बिल की गई पूरी राशि और उस राशि के बीच अंतर का भुगतान आपसे लेने की अनुमति दी जा सकती है। इसे "बैलेंस बिलिंग" कहा जाता है। यह राशि आम तौर पर ऐसी सेवा के लिए इन-नेटवर्क में होने वाले खर्चों से अधिक हो सकती है और हो सकता है कि यह आपकी वार्षिक आउट-ऑफ-पॉकेट सीमा से ज़्यादा हो।

"सरप्राइज़ बिलिंग" अनपेक्षित बैलेंस बिल है। ऐसा तब हो सकता है जब यह आपके नियंत्रण में न हो कि आपकी देखभाल में कौन शामिल है— जैसे कि जब आप किसी आपात स्थिति में हो या जब आप किसी इन-नेटवर्क सुविधा में इलाज करवाने जाएं, लेकिन अप्रत्याशित रूप से किसी नेटवर्क के बाहर के प्रदाता द्वारा इलाज किया जाए।

बीमाकर्ताओं को अपनी वेबसाइटों से या अनुरोध करने पर, आपको यह बताना होगा कि उनके नेटवर्क में कौन से प्रदाता, अस्पताल और सुविधाएं हैं। अस्पतालों, सर्जिकल सुविधाओं और प्रदाताओं को अपनी वेबसाइट पर या अनुरोध किए जाने पर आपको यह बताना होगा कि वे किस प्रदाता नेटवर्क का हिस्सा हैं।

## आप निम्न के लिए बैलेंस बिलिंग से सुरक्षित हैं:

### आपातकालीन सेवाएँ

यदि आपको कोई आपातकालीन चिकित्सा समस्या, मानसिक स्वास्थ्य या मादक द्रव्यों के सेवन के विकार की समस्या है और किसी नेटवर्क के बाहर के प्रदाता या सुविधा से आपातकालीन सेवाएं पाते हैं, तो अधिकांश प्रदाता या सुविधाएं आपको आपकी योजना की इन-नेटवर्क लागत-साझाकरण राशि की बिलिंग कर सकती हैं (जैसे सहभुगतान और सहबीमा)। इन आपातकालीन सेवाओं के लिए आपसे बैलेंस बिल नहीं लिया जा सकता है। इसमें अस्पताल में आपको मिलने वाली देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं का अनुभव करने वाले या मादक द्रव्यों के सेवन के विकार की आपात स्थिति से ग्रसित लोगों को संकटकालीन सेवाएँ देने वाली सुविधाएँ शामिल हैं। इन आपातकालीन सेवाओं के लिए आपसे बैलेंस बिल नहीं लिया जा सकता है, जिसमें आपकी स्थिति स्थिर हो जाने के बाद प्राप्त की जाने वाली सेवाएँ भी शामिल हैं।

### इन-नेटवर्क अस्पताल या एम्बुलेटरी सर्जिकल सेंटर में कुछ सेवाएँ

जब आपको किसी इन-नेटवर्क अस्पताल या एम्बुलेटरी सर्जिकल सेंटर से सेवाएँ मिलती हैं, तो उसमें कुछ प्रदाता नेटवर्क से बाहर के हो सकते हैं। ऐसे मामलों में, ये प्रदाता आपकी योजना की इन-नेटवर्क लागत-साझाकरण राशि जितनी ही बिलिंग कर सकते हैं।

**आपको नेटवर्क से बाहर की देखभाल लेने की भी ज़रुरत नहीं है। आप अपने प्लान के नेटवर्क में मौजूद किसी प्रदाता या सुविधा को चुन सकते हैं।**

## आपको **कब** बैलेंस बिलिंग से अपनी सुरक्षाओं को हटाने के लिए कहा जा सकता है:

अस्पतालों और एयर एम्बुलेंस प्रदाताओं सहित, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपको बैलेंस बिलिंग से अपनी सुरक्षा छोड़ने के लिए**कभी नहीं** कहेंगे।

यदि आपके पास सेल्फ-फंडेड समूह स्वास्थ्य योजना द्वारा कवरेज है, तो कुछ सीमित हालातों में, कोई प्रदाता आपसे आपकी बैलेंस बिलिंग सुरक्षा को छोड़ने की सहमति देने के लिए कह सकता है, लेकिन आपके लिए इसकी सहमति देना **कभी नहीं** ज़रूरी होता है। और ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया अपने नियोक्ता या स्वास्थ्य योजना से संपर्क करें।

## जब बैलेंस बिलिंग की अनुमति न हो, तो भी आपके पास निम्न सुरक्षाएँ होती हैं:

आपका दायित्व केवल लागत के अपने हिस्से का भुगतान करने का है (जैसे कि सहभुगतान, सहबीमा, और कटौती, जिसका भुगतान आप प्रदाता या सुविधा के नेटवर्क में होने पर करेंगे)। आपकी स्वास्थ्य योजना नेटवर्क के बाहर के प्रदाताओं और सुविधाओं को सीधे भुगतान करेगी।

आपकी स्वास्थ्य योजना को प्राय: निम्न कार्य करने चाहिए:

- आपके लिए सेवाओं का अग्रिम (पूर्व प्राधिकरण) अनुमोदन लेने की शर्त के बिना आपातकालीन सेवाओं को कवर करना चाहिए।
- नेटवर्क से बाहर के प्रदाताओं द्वारा आपातकालीन सेवाओं को कवर करना चाहिए।
- आप प्रदाता या सुविधा (लागत-साझाकरण) को जो भुगतान करते हैं, वह इन-नेटवर्क प्रदाता या सुविधा को किए जाने वाले भुगतान के आधार पर होना चाहिए, और यह राशि आपके लाभों के स्पष्टीकरण में दिखाई जानी चाहिए।
- आपकी कटौती योग्य और जेब से होने वाले खर्च की सीमा में आपातकालीन सेवाओं या नेटवर्क से बाहर की सेवाओं के लिए आपके द्वारा किए गए भुगतान की राशि में शामिल करें।

**अगर आपको लगता है कि आपकी बिलिंग गलत तरीके से की गई है**, तो आप https://www.cms.gov/nosurprises/consumers या पर जाकर 1-800-985-3059 पर कॉल करके फेडरल सरकार से शिकायत कर सकते हैं; और/या बीमा आयुक्त के वॉश िंगटन राज्य कार्यालय में उनकी वेबसाइट या 1-800-562- 6900 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करें।

फेडरल कानून के तहत अपने अधिकारों के बारे में और ज़्यादा जानकारी के लिए https://www.cms.gov/nosurprises पर विज़िट करें।

वॉशिंगटन राज्य कानून के तहत अपने अधिकारों के बारे में और ज़्यादा जानकारी के लिए बीमाकर्ता आयुक्त बैलेंस बिलिंग सुरक्षा अधिनियम कार्यालय की वेबसाइट पर विज़िट करें।

CommonSpirit™